**Booklet Serial No. :** 394

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

**TEST BOOKLET SERIES**

**B**

# *TEST BOOKLET*

## *PGT (HINDI)-2016*

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

*All* questions carry equal marks.

## *INSTRUCTIONS*

1. Immediately after the commencement of the examination, you should check that test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so, get it replaced by a complete test booklet.
2. **Encode clearly the test booklet series A, B, C or D as the case may be in the appropriate place in the answer-sheet.**
3. Write your Roll Number only in the box provided alongside. Do not write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item comprises four responses (answers). Choose only one response for each item which you consider the best.
5. After the candidate has read each item in the Test Booklet and decided which of the given responses is correct or the best, he has to mark the circle containing the letter of the selected response by blackening it completely with Black or Blue ball pen. In the following example, response "C" is so marked :

   Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

6. Do the encoding carefully as given in the illustrations. While encoding your particulars or marking the answers on answer sheet, you should blacken the circle corresponding to the choice in full and no part of the circle should be left unfilled. After the response has been marked in the ANSWER SHEET, no erasing/fluid is allowed.
7. You have to mark all your responses ONLY on the ANSWER SHEET separately given according to 'INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES' already supplied to you. *Responses marked on the Test Booklet or in any paper other than the answer sheet shall not be examined.*
8. All items carry equal marks. Attempt all items. Your total marks will depend only on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet. There will be no negative marking.
9. Before you proceed to mark responses in the Answer Sheet fill in the particulars in the front portion of the Answer Sheet as per the instructions sent to you.
10. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct.
11. After you have completed the test, hand over the Answer Sheet only, to the Invigilator.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO***

# *PGT (HINDI)-2016*

Time Allowed : 2 Hours] [Maximum Marks : 100

1. 'सघन कुञ्ज, छाया सुखद, सीतल मंद समीर'—किसकी काव्य-पंक्ति है ?

(A) पद्माकर (B) बिहारी

(C) घनानंद (D) रसखान

2. खड़ी बोली को अन्य किस नाम से भी जाना जाता है ?

(A) बंगारू (B) कौरवी

(C) मेरठी (D) पैशाची

3. राजा लक्ष्मण सिंह किस तरह की हिंदी के पक्षधर थे ?

(A) हिंदुस्तानी (B) दक्खिनी हिंदी

(C) संस्कृतनिष्ठ हिंदी (D) उर्दूमिश्रित हिंदी

4. 'ध्वनि संप्रदाय' के प्रवर्तक हैं :

(A) मम्मट (B) क्षेमेन्द्र

(C) भोजराज (D) आनंदवर्धन

hpexams.in

5. प्रतिभा को काव्य रचना में किसके अंतर्गत रखा जाता है ?

(A) काव्य लक्षण (B) काव्यहेतु

(C) काव्य प्रयोजन (D) काव्य आत्मा

6. काव्यशास्त्रीय आचार्यों का काल-क्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) वामन, अभिनवगुप्त, मम्मट, आनंदवर्धन

(B) वामन, आनंदवर्धन, मम्मट, अभिनवगुप्त

(C) वामन, मम्मट, अभिनवगुप्त, आनंदवर्धन

(D) वामन, आनंदवर्धन, अभिनवगुप्त, मम्मट

7. रस में साधारणीकरण के व्याख्याता कौन हैं ?

(A) शंकुक (B) भट्टनायक

(C) भट्टलोल्लट (D) अभिनवगुप्त

8. काव्य-रचना में उदात्त-तत्व को प्रमुख किसने माना है ?

(A) प्लेटो (B) अरस्तू

(C) लोंजायनस (D) क्रोचे

9. निर्वैयक्तिकता का सिद्धांत किससे सम्बन्धित है ?

(A) कॉलरिज (B) इलियट

(C) वर्ड्सवर्थ (D) रिचर्ड्स

10. हिंदी साहित्य के इतिहास-ग्रन्थ की रचना निम्नलिखित में से सबसे पहले किसने की है ?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन
(B) शिवसिंह सेंगर
(C) मिश्रबन्धु
(D) रामचंद्र शुक्ल

11. चंदबरदाई को हिंदी का प्रथम महाकवि किसने माना है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) रामकुमार वर्मा
(D) नगेन्द्र

12. मिश्रबंधुओं के अनुसार हिंदी का प्रथम गद्य लेखक है :

(A) सरहपा
(B) गोरखनाथ
(C) विद्यापति
(D) अमीर खुसरो

13. 'भल्ला हुआ जो मारिया बहिणी महारा कंतु'—पंक्ति का रचनाकार है :

(A) अब्दुल रहमान
(B) हेमचन्द्र
(C) दामोदर शर्मा
(D) भट्ट केदार

14. 'कविता कौमुदी' के संग्रहकर्ता हैं :

(A) श्यामसुन्दर दास

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) नगेन्द्र

(D) रामनरेश त्रिपाठी

15. मिश्रबंधुओं में शामिल **नहीं** हैं :

(A) गणेश बिहारी (B) श्याम बिहारी

(C) केशव बिहारी (D) शुकदेव बिहारी

16. भक्ति आंदोलन को ईसाइयत की देन कहने वाले इतिहासकार हैं :

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन (B) मिश्रबन्धु

(C) गार्सा द तासी (D) राहुल सांकृत्यायन

17. जन्मकाल के अनुसार निम्नलिखित भक्त कवियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) सूर, तुलसीदास, दादू, मीरा

(B) सूर, तुलसीदास, मीरा, दादू

(C) तुलसीदास, सूर, दादू, मीरा

(D) तुलसीदास, सूर, मीरा, दादू

18. 'मन मेरा सुई, तन मेरा धागा' काव्य-पंक्ति किस संत कवि की है ?

(A) कबीर
(B) नानक
(C) नामदेव
(D) दादू

19. निम्नलिखित में से कासिमशाह की रचना है :

(A) हंस जवाहिर
(B) चंदायन
(C) सत्यवती कथा
(D) मृगावती

20. आकाश धर्मा गुरु कहा जाता है :

(A) शंकराचार्य को
(B) रामानंद को
(C) रामानुजाचार्य को
(D) वल्लभाचार्य को

21. निम्बार्काचार्य का सम्बन्ध किस दर्शन से है ?

(A) विशिष्टाद्वैत
(B) द्वैतवाद
(C) द्वैताद्वैत
(D) शुद्धाद्वैत

22. 'सुरतिय नरतिय नागतिय, सब चाहति असि होय।

गोद लिए हुलसी फिरे, तुलसी सो सुत होय'॥

—उपर्युक्त दोहा किस कवि का है ?

(A) सूरदास
(B) तुलसीदास
(C) रहीम
(D) रसखान

23. 'युक्ति तरंगिणी' के रचनाकार हैं :

(A) केशवदास
(B) चिंतामणि
(C) कुलपति मिश्र
(D) सुखदेव मिश्र

24. भारतेंदु की कौनसी रचना पयार छंद में लिखी गई है ?

(A) बन्दर सभा
(B) वर्षा विनोद
(C) प्रेम सरोवर
(D) प्रात समीरन

25. खड़ीबोली का प्रथम स्वच्छंदतावादी कवि है :

(A) श्रीधर पाठक

(B) रामनरेश त्रिपाठी

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(D) ठाकुर जगमोहन सिंह

26. शुक्ल जी के अनुसार मैथिलीशरण गुप्त हैं :

(A) राष्ट्रवादी कवि
(B) जनकवि
(C) कवि सम्राट
(D) सामंजस्यवादी कवि

27. प्रकाशन काल के अनुसार निम्नलिखित कृतियों का **सही** अनुक्रम है :

(A) आंसू, ग्रंथि, यामा, बेला

(B) ग्रंथि, आंसू, यामा, बेला

(C) यामा, बेला, आंसू, ग्रंथि

(D) बेला, आंसू, यामा, ग्रंथि

28. 'तारसप्तक' के कवियों में शामिल **नहीं** थे :

(A) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

(B) नेमीचंद जैन

(C) रामविलास शर्मा

(D) शमशेर बहादुर सिंह

29. 'नयी कविता' नाम किसके द्वारा दिया गया है ?

(A) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

(B) गजानन माधव मुक्तिबोध

(C) मलयज

(D) शमशेर बहादुर सिंह

30. 'हिंदी कहानी : सन्दर्भ और प्रकृति' आलोचना पुस्तक के लेखक हैं :

(A) देवीशंकर अवस्थी (B) राजेंद्र यादव

(C) नामवर सिंह (D) मधुरेश

31. फोर्ट विलियम कालेज, कलकत्ता का स्थापना वर्ष है :

(A) 1800 ई. (B) 1805 ई.

(C) 1807 ई. (D) 1810 ई.

32. 'प्रजाहितैषी' अखबार कहाँ से निकलता था ?

(A) बनारस (B) कलकत्ता

(C) आगरा (D) लखनऊ

33. प्रसाद का कौनसा नाटक 'राजतरंगिणी' पर आधारित है ?

(A) विशाख (B) कामना

(C) करुणालय (D) अजातशत्रु

34. 'धरती धन न अपना' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) अमरकांत
(B) जगदीश चन्द्र
(C) मार्कंडेय
(D) विवेकी राय

35. रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ?

(A) जर्मन
(B) फ्रांसीसी
(C) अंग्रेजी
(D) हिंदी

36. भाषा संवर्धिनी सभा के संस्थापक थे :

(A) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(B) महात्मा गांधी
(C) बाबू तोताराम
(D) प्रेमचंद

37. निम्नलिखित में से ज्ञानपीठ पुरस्कार सर्वप्रथम किसको मिला था ?

(A) जयशंकर प्रसाद
(B) सुमित्रानंदन पंत
(C) अज्ञेय
(D) महादेवी वर्मा

38. निम्नलिखित में बंगाल के अकाल पर आधारित उपन्यास है :

(A) आनंदमठ
(B) सुहाग के नूपुर
(C) दुखमोचन
(D) विषाद मठ

39. 'कहानी : नयी कहानी' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) देवीशंकर अवस्थी
(B) राजेंद्र यादव
(C) नामवर सिंह
(D) स. ही. वा. अज्ञेय

40. हिंदी में 'सानेट' का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया है ?

(A) शिवमंगल सिंह 'सुमन'
(B) त्रिलोचन शास्त्री
(C) शमशेर बहादुर सिंह
(D) केदारनाथ अग्रवाल

41. 'परती परिकथा' उपन्यास के लेखक हैं :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) फणीश्वरनाथ रेणु
(C) नागार्जुन
(D) जैनेन्द्र

42. 'आस्था के चरण' किसके निबंधों का संग्रह है ?

(A) निर्मल वर्मा
(B) रामविलास शर्मा
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) नगेन्द्र

43. हिंदी की प्रथम दलित आत्मकथा है :

(A) झोंपड़ी से राजभवन तक
(B) शिकंजे का दर्द
(C) अपने-अपने पिंजरे
(D) जूठन

44. निम्नलिखित में प्रेमचंद का जीवनीकार **नहीं** है :

(A) अमृत राय
(B) हंसराज रहबर
(C) शिवरानी देवी
(D) मदन गोपाल

45. 'ज़मीन पक रही है' काव्य-संकलन के रचनाकार हैं :

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(B) धूमिल
(C) केदारनाथ सिंह
(D) रघुवीर सहाय

46. निम्नलिखित में 'आत्मजयी' के रचनाकार हैं :

(A) नागार्जुन
(B) कुंवर नारायण
(C) अशोक वाजपेयी
(D) नरेश मेहता

47. 'निराला' की निम्नलिखित रचनाओं में से किस रचना को हिंदी का शोक-गीत कहा जाता है ?

(A) जूही की कली
(B) तोड़ती पत्थर
(C) सरोज स्मृति
(D) तुलसीदास

48. 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन किस शहर में हुआ था ?

(A) इलाहाबाद
(B) पटना
(C) भोपाल
(D) लखनऊ

49. 'यात्री' नाम से भी कविताएँ लिखने वाला रचनाकार है :

(A) नागार्जुन
(B) रघुवीर सहाय
(C) गिरिजा कुमार माथुर
(D) केदारनाथ अग्रवाल

50. 'स्वर्ग की झलक' एकांकी के रचनाकार हैं :

(A) रामकुमार वर्मा
(B) भुवनेश्वर
(C) उपेन्द्रनाथ अश्क
(D) लक्ष्मीनारायण लाल

51. 'हिंदी साहित्य : बीसवीं शताब्दी' के रचयिता हैं :

(A) निर्मला जैन
(B) नन्द दुलारे वाजपेयी
(C) नामवर सिंह
(D) बच्चन सिंह

52. 'एक साहित्यिक की डायरी' के रचनाकार हैं :

(A) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(B) शमशेर बहादुर सिंह
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) रघुबीर सहाय

53. किस रचना पर केदारनाथ सिंह को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(A) अकाल में सारस
(B) बाघ
(C) उत्तर कबीर और अन्य कविताएँ
(D) यहाँ से देखो

54. 'चंद हसीनों के खतूत' के लेखक हैं :

(A) बालमुकुन्द गुप्त

(B) भगवतीचरण वर्मा

(C) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र'

(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

55. 'माटी की मूरतें' के रचनाकार हैं :

(A) फणीश्वरनाथ रेणु

(B) विवेकी राय

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी

(D) महादेवी वर्मा

56. निम्नलिखित में से कौनसी कहानी चन्द्रधर शर्मा गुलेरी की **नहीं** है ?

(A) ग्यारह वर्ष का समय

(B) एक टोकरी भर मिट्टी

(C) बाबा भारती

(D) सुखमय जीवन

57. 'ग्लोबल गाँव का देवता' के रचनाकार हैं :

(A) संजीव (B) राकेश वत्स

(C) रणेंद्र (D) चित्रा मुद्गल

58. हिंदी यात्रा संस्मरण 'आखिरी चट्टान तक' के लेखक हैं :

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) मोहन राकेश

(C) नेमिचंद्र जैन (D) रांगेय राघव

59. 'ज़माने में हम' आत्मकथा की रचनाकार हैं :

(A) मन्नू भंडारी (B) कृष्णा सोबती

(C) निर्मला जैन (D) मैत्रेयी पुष्पा

60. निम्नलिखित संस्मरणों का सही अनुक्रम कौनसा है ?

(A) हमारे आराध्य, जंगल के जीव, पथ के साथी, पद्म पराग

(B) पथ के साथी, पद्म पराग, जंगल के जीव, हमारे आराध्य

(C) जंगल के जीव, पद्म पराग, पथ के साथी, हमारे आराध्य

(D) पद्म पराग, जंगल के जीव, हमारे आराध्य, पथ के साथी

61. भादल हिमनद हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) लाहुल स्पिति

(B) किनौर

(C) कांगड़ा

(D) चम्बा

62. इमला विमला घाटी हिमाचल प्रदेश के किस जिले में है ?

(A) चम्बा

(B) कुल्लु

(C) मण्डी

(D) शिमला

63. मानतलाई झील किस घाटी में स्थित है ?

(A) सैंज

(B) मनीकर्ण

(C) बंजार

(D) नैनगाहर

64. हिमाचल के किस क्षेत्र में मिंदल वासनी देवी की मान्यता है ?

(A) डोडरा कवार

(B) पांगी

(C) सांगला

(D) राजगढ़

65. वह कौनसा लोक-नृत्य है जिसमें केवल महिलाएँ ही भाग लेती हैं ?

(A) डांगी (B) करथी

(C) हरण (D) कमर

66. हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी रियासतों में निम्नलिखित में से किसे प्राचीन **नहीं** माना जाता है ?

(A) चम्बा (B) कांगड़ा

(C) कुल्लु (D) सुकेत

67. 1948 में जब हिमाचल प्रदेश बना तो कौनसा जिला क्षेत्रफल के हिसाब से सबसे बड़ा था ?

(A) मण्डी (B) महासु

(C) सिरमौर (D) चम्बा

68. 2011 की जनगणना के अनुसार हिमाचल प्रदेश के किस जिले का लिंगानुपात सबसे अधिक है ?

(A) हमीरपुर (B) कांगड़ा

(C) मण्डी (D) चम्बा

69. राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा कितने प्रतिशत राशि अनुदान के रूप में दी जाती है ?

(A) 80 प्रतिशत
(B) 85 प्रतिशत
(C) 90 प्रतिशत
(D) 95 प्रतिशत

70. भेड़ व ऊन के विकास हेतु सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म हमीरपुर जिले में किस स्थान पर है ?

(A) नेरी
(B) ताल
(C) डिडवीं टिक्कर
(D) रैल

71. सुगम्य भारत अभियान निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?

(A) अनुसूचित जातियों से
(B) अनुसूचित जनजातियों से
(C) शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों से
(D) परित्यक्ता महिलाओं से

72. मणिपुर की सामाजिक कार्यकर्त्ता इरोम शर्मिला ने लगभग कितने वर्षों तक अनशन रखा ?

(A) 4 वर्षों तक (B) 8 वर्षों तक

(C) 12 वर्षों तक (D) 16 वर्षों तक

73. भारत के किस राज्य में गौ सेवा आयोग स्थापित किया गया है ?

(A) गुजरात (B) हरियाणा

(C) मध्य प्रदेश (D) असम

74. 2016 के रक्षाबंधन के अवसर पर 18 अगस्त को निम्नलिखित में से किसे राजस्थान सीमा पर सैनिकों को राखी बाँधने के लिए चुना गया था ?

(A) अनुप्रिया पटेल

(B) स्मृति ईरानी

(C) निर्मला सीतारमण

(D) सुषमा स्वराज

75. मेनका गांधी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत किस दिन को बेटी दिवस के रूप में मनाने का अभियान शुरू किया है ?

(A) 26 जुलाई

(B) 30 जुलाई

(C) 06 अगस्त

(D) 11 अगस्त

76. रियो ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले शरणार्थी दल में कुल कितने खिलाड़ी हैं ?

(A) 5

(B) 10

(C) 15

(D) 20

77. 15 अगस्त 2016 को संयुक्त राष्ट्रसंघ ने किसके सम्मान में एक स्टैंप जारी किया है ?

(A) उस्ताद अजमद अली खान

(B) ए. आर. रेहमान

(C) एम. एस. सुब्बालक्ष्मी

(D) अमिताभ बच्चन

78. कोमागाटा मारू घटना जिसमें लगभग 20 भारतीय कलकत्ता बन्दरगाह पर भारतीय ब्रिटिश पुलिस के हाथों मारे गये, किस वर्ष हुई ?

(A) 1910 में

(B) 1914 में

(C) 1916 में

(D) 1919 में

79. क्यूबा के राष्ट्रपति राउल कास्त्रो रूज वहाँ के महान क्रान्तिकारी और भूतपूर्व राष्ट्रपति फिडल कास्त्रो के क्या लगते हैं ?

(A) पुत्र

(B) भाई

(C) पौत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

80. ब्रिटेन में जून 2016 को हुए जनमत संग्रह में लगभग कितने प्रतिशत वोट यूरोपीय संघ को छोड़ने के पक्ष में पड़े थे ?

hpexams.in

(A) 51.9 प्रतिशत

(B) 52.63 प्रतिशत

(C) 54.47 प्रतिशत

(D) 55.92 प्रतिशत

81. निम्न में कौनसी हिंदी की उपभाषा **नहीं** है ?

(A) राजस्थानी हिंदी (B) पंजाबी हिंदी

(C) बिहारी हिंदी (D) पहाड़ी हिंदी

82. निम्नलिखित में से कौनसी पश्चिमी हिंदी की बोली **नहीं** है ?

(A) कौरवी (B) ब्रजभाषा

(C) बुन्देली (D) बघेली

83. निम्न में से कौन सी ध्वनि सघोष ध्वनि है ?

(A) ह (B) श

(C) ष (D) स

84. 'प्रारम्भ' शब्द में 'प्र' वर्ण का स्वरूप है :

(A) प + र् (B) प् + र्

(C) प् + र (D) प + र्

85. निम्नलिखित में से कौनसा कवि आदिकाल से सम्बंधित **नहीं** है ?

(A) अमीर खुसरो (B) विद्यापति

(C) हेमचन्द्र (D) गदाधर भट्ट

86. निम्नलिखित में से कौनसा कवि रासो ग्रंथकार **नहीं** है ?

(A) विद्याधर (B) भट्ट केदार

(C) श्रीधर (D) जगनिक

87. संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है ?

(A) 342 (B) 343(1)

(C) 344 (D) 345

88. निम्न में से भाववाचक संज्ञा है :

(A) गरीब (B) गरीबी

(C) गरीबों (D) गरीबतम

89. निम्नलिखित भाषाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) प्राकृत, पालि, अपभ्रंश, अवहट्ट

(B) पालि, प्राकृत, अवहट्ट, अपभ्रंश

(C) प्राकृत, पालि, अवहट्ट, अपभ्रंश

(D) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, अवहट्ट

90. संविधान की किस अनुसूची का सम्बन्ध भाषाओं से है ?

(A) सातवीं (B) आठवीं

(C) नवीं (D) दसवीं

91. 'उन्नयन' में संधि-विच्छेद है ?

(A) उत् + नयन (B) उन् + अयन

(C) उन् + नयन (D) उत + नयन

92. "भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचार दूसरों पर भलीभाँति प्रकट कर सकता है" कथन किसका है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल (B) जॉन गिलक्राइस्ट

(C) कामताप्रसाद गुरु (D) जॉर्ज ग्रियर्सन

93. 'प्राकृत की अंतिम अपभ्रंश अवस्था से ही हिंदी साहित्य का आविर्भाव माना जा सकता है, उन दिनों जैसे 'गाथा' कहने से प्राकृत का बोध होता था वैसा ही 'दोहा' या दूहा कहने से अपभ्रंश या प्रचलित काव्यभाषा का पद्य समझा जाता था'—कथन किसका है ?

(A) सुनीति कुमार चाटुर्ज्या
(B) रामचंद्र शुक्ल
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) जार्ज ग्रियर्सन

94. 'आधुनिक काल में गद्य का विकास सबसे प्रधान साहित्यिक घटना है'—कथन किस आलोचक का है ?

(A) रामचंद्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) नगेन्द्र
(D) रामविलास शर्मा

95. 'देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही।'

—उपर्युक्त पंक्ति में कौनसा अलंकार है ?

(A) असंगति
(B) अतिशयोक्ति
(C) भ्रांतिमान
(D) विभावना

96. जब उपमेय को उपमान से श्रेष्ठ बताया जाए तो अलंकार होता है :

(A) उपमा
(B) रूपक
(C) उत्प्रेक्षा
(D) प्रतीप

97. अवधी का सम्बन्ध हिंदी की किस उपभाषा से है ?

(A) पूर्वी हिंदी
(B) पश्चिमी हिंदी
(C) बिहारी हिंदी
(D) राजस्थानी हिंदी

98. निम्न में से कौनसी बोली शौरसेनी अपभ्रंश की है ?

(A) बुन्देली
(B) बघेली
(C) मगही
(D) छत्तीसगढ़ी

99. हिंदी में काल निर्धारण में किसका महत्वपूर्ण योगदान होता है ?

(A) संज्ञा
(B) सर्वनाम
(C) क्रिया
(D) विशेषण

100. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है ?

(A) ब्राह्मी लिपि
(B) खरोष्ठी लिपि
(C) गुरुमुखी लिपि
(D) रोमन लिपि